Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 29-08-2005

Participants : Thummar Shri Virjibhai

>

Title : Need to ensure early payment of Crop Insurance dues to Farmers in Amreli Parliamentary Constituency, Gujarat.

श्री वी.के. ठुम्मर (अमरेली) : महोदय, किसानों के लिए बनी फसल बीमा योजना के अंतर्गत किसानों को फायदा नहीं हो रहा है जितना सरकार ने चाहा था। मेरे संसदीय क्षेत्र अमरेली के किसानों को 2004 वर्ा के बीमे का अभी तक भुगतान नहीं किया गया है जिसके कारण किसानों को बहुत आर्थिक परेशानी हो रही है। अमरेली के किसानों को इस कार्य के लिए फसल बीमा योजना कार्यालय के कई बार चक्कर काटने पड़ते हैं। देखा गया है कि फसल बीमा योजना के लिए कई औपचारिकताएं पूरी करनी पड़ती हैं जिन्हें गरीब और अनपढ़ किसान पूरा करने में असमर्थ होते हैं जिसका फायदा बीमा योजना के लोग उठाते हैं।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र अमरेली के किसानों को फसल बीमा योजना के अंतर्गत लंबित भुगतान तुरंत किया जाए और फसल बीमा योजना को सरल बनाया जाए और भुगतान का समय तय किया जाए जैसा कि बीमा प्रीमियम का समय तय है वैसे ही बीमा भुगतान का समय निश्चित होना चाहिए ।